राष्ट्रीय खेल दिवस पर राष्ट्रीय कैडेट कोर 102 यू.पी. बटालियन द्वारा दौड़ प्रतियोगिता एवं कबड्डी प्रतियोगिता

दिनांक : 29 अगस्त, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर राष्ट्रीय कैडेट कोर 102 यू.पी. बटालियन द्वारा दौड़ प्रतियोगिता से रन फॉर फिटनेस का संदेश दिया गया। एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में रन फॉर फिटनेस दौड़, टग ऑफ वॉर, ऊंची कूद, लंबी कूद और कबड्डी का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स के साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी दौड़ लगाकर सभी में उत्साह का संचार किया।

डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय हॉकी के सबसे बड़े नायक मेजर ध्यानचंद का नाम पूरी दुनिया में हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर है। 29 अगस्त को भारत में हॉकी के इस महानायक के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत के स्वर्णिम हॉकी इतिहास के महानायक ने साल 1928, 1932 और 1936 ओलंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। तीनों ही ओलंपिक में भारत ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। अपने देश से प्यार करने वाले ध्यानचंद ने देशभक्ति की बड़ी मिसाल दी थी। साल 1936 में बर्लिन ओलंपिक के दौरान ध्यानचंद का जादू छाया रहा।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट अनुभव, द्वितीय अमित कुमार चौधरी, तृतीय स्थान मोतीलाल ने सभी को पछाड़ा । बालिका वर्ग दौड़ में कैडेट प्रथम साक्षी प्रजापति, द्वितीय संजना शर्मा, तृतीय आंचल पाठक विजेता रही। टग आफ वॉर (रस्सा कस्सी) प्रतियोगिता में अल्फा टीम के मोतीलाल, आंचल पाठक, पूजा सिंह, निकिता गौंड, आदित्य विश्वकर्मा, कृष्णा त्रिपाठी, सागर यादव, आदर्श मौर्या, संजना शर्मा और आशुतोष सिंह ने बीटा टीम को टग ऑफ वॉर में पराजित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में अमित चौधरी, अनुभव, शिवम, भानु प्रताप सिंह, आदर्श, आशुतोष सिंह ने प्रतिद्वंदी टीम को धूल चटाया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. विकास यादव, श्री धनंजय पांडेय, रवि यादव, अंडर ऑफिसर मोती लाल, सार्जेंट खुशी गुप्ता, लांस नायक पूजा सिंह, लांस नायक हरश्व साहनी, शालनी चौहान, अमृता कनौजिया, दरख्शा बानो, साक्षी प्रजापति, निकिता गौंड, आंचल पाठक, गौरी कुशवाहा, संजना शर्मा अस्मिता सिंह, चांदनी निषाद, अभिषेक चौरसिया, आशुतोष सिंह, अमित कुमार चौधरी, अनुभव, भानु प्रताप सिंह, प्रियेश राम त्रिपाठी, शिवम सिंह, कृष्ण त्रिपाठी, सागर यादव, आदित्य विश्वकर्मा, आदर्श मौर्या सहित सभी विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे।